हिंदी दिवस

हिंदी विभाग, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री अनंदपुर साहिब द्वारा 14 सितम्बर 2016 को कॉलेज में हिंदी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के वाईस प्रिंसिपल डॉ. सुच्चा सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा एवं हिंदी के माध्यम से भाषाओं के सम्मान की भावना को जागृत करना था। कार्यक्रम में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी भाषा से संबंधित कविताओं एवं भाषणों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर 'राष्ट्रभाषा हिंदी' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग के प्रो. गुरदीप सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम के संचालक की भूमिका विभागाध्यक्ष डॉ मलकीत सिंह ने निभाई। कार्यक्रम में विभाग के प्रो. शगुन और प्रो. गीतू सोनी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत मुख्य अतिथि के अध्यक्षीय भाषण से हुआ।